राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर – 302018
www.rsmssb.rajasthan.gov.in दूरभाष नं.–0141–2722520

क्रमांक : प.8(31) ए प्रा./ RSMSSB /कनि.अनु./ 2016/1238 दिनांक:- 07/09/2016

विज्ञप्ति

राजस्थान अधीनस्थ एवं मन्त्रालयिक सेवा चयन बोर्ड द्वारा जारी विज्ञापन संख्या 05/2016 (पत्रांक 336 दिनांक: 26.07.2016) के कम में कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग (प्राविधिक शिक्षा प्रशिक्षण), राजस्थान के कनिष्ठ अनुदेशक के विभिन्न पदों के लिए निम्नलिखित सीधी भर्ती परीक्षाओं का आयोजन दिनांक: 18.09.2016 (रविवार) को मध्यान्ह 12.00 बजे से अपराह्न 02.00 बजे के मध्य किया जावेगा :–

1. कनिष्ठ अनुदेशक (ट्रेवल एण्ड टूरिज्म सर्विसेज)
2. कनिष्ठ अनुदेशक (रिटेल सर्विसेज)
3. कनिष्ठ अनुदेशक (हॉस्पिटेलिटी ऑपरेशन–फ्रंट ऑफिस)
4. कनिष्ठ अनुदेशक (हॉस्पिटेलिटी ऑपरेशन–हाउस कीपिंग)
5. कनिष्ठ अनुदेशक (फूड एण्ड बेवरेज सर्विसेज)
6. कनिष्ठ अनुदेशक (वेस्टर्न कुल्नेरी आर्ट)

2. "प्रोविजनल ई– प्रवेश पत्र" बोर्ड की वेबसाइट **www.rsmssb.rajasthan.gov.in** से दिनांक: 12.09.2016 से यथाशीघ्र डाउनलोड कर लें । बोर्ड द्वारा परीक्षार्थियों को अलग से डाक से प्रवेश पत्र प्रेषित नहीं किये जायेंगे ।

3. परीक्षा केन्द्रों पर नकल की रोकथाम के लिए बहुत ही प्रभावी उपाय किये गये हैं। नकल करने के प्रयास में पकड़े जाने पर आपराधिक प्रकरण दर्ज होने के साथ आपकी परीक्षा निरस्त होने एवं आगे आयोजित होने वाली बोर्ड परीक्षाओं में भाग लेने से रोक लगने से आपका कैरियर समाप्त हो सकता है।

4. परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा प्रारम्भ होने के समय से एक घण्टा 30 मिनिट पूर्व अपनी उपस्थिति देवें ताकि तलाशी के उपरान्त आप समय पर परीक्षा कक्ष में नियत स्थान पर बैठ सकें।

5. परीक्षा केन्द्र पर अपना प्रोविजनल ई–प्रवेश पत्र, एक मूल फोटो युक्त पहचान पत्र यथा वोटर आई.डी.कार्ड, पेनकार्ड, ड्राइविंग लायसेन्स आदि में से कोई एक एवं उसकी फोटो प्रति और **2.5cm×2.5cm** साईज का नवीनतम एक रंगीन फोटो, एक नीली स्याही का पारदर्शी बाल पैन साथ लेकर आवें। उक्त सामग्री के अलावा अन्य सामग्री के साथ परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जायेगा ।

6. परीक्षा केन्द्र में फोटो युक्त पहचान पत्र के आधार पर पहचान सुनिश्चित हो जाने एवं तलाशी के उपरान्त ही आपको प्रवेश दिया जायेगा। इस कार्य के लिए नियुक्त कार्मिकों को आप पूर्ण सहयोग दें।

7. रेल/बस की छत या पायदान पर बैठकर / खड़े होकर यात्रा नहीं करें। परीक्षा केन्द्र पर एवं यात्रा के दौरान अनुशासन बनाये रखें। अन्यथा आपके विरूद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज होने पर अभ्यर्थी की परीक्षा निरस्तीकरण की कार्यवाही भी की जा सकती है।

8. ऐसे विशेषयोग्यजन जिन्हें नियमों में श्रुतलेखक देय है, तो वे परीक्षा दिवस से तीन दिन पूर्व सक्षम चिकित्सा अधिकारी के प्रमाण–पत्र के साथ सम्बन्धित केन्द्राधीक्षक को श्रुतलेखक की व्यवस्था हेतु अपने आवेदन पत्र के साथ अनुरोध करें अन्यथा श्रुतलेखक की सुविधा देय नहीं होगी ।

9. परीक्षा के समस्त प्रश्न पत्र केवल इंगलिश भाषा में ही होंगे ।

..........2/–

10. परीक्षा आयोजन के बाद यथा समय बोर्ड द्वारा मास्टर प्रश्न पत्र एवं उसकी उत्तर कुंजी बोर्ड की वेबसाईट पर अपलोड की जावेगी । परीक्षार्थियों से उत्तर कुंजी अपलोड होने के बाद 72 घण्टे की अवधि में प्रश्न पत्र /उत्तर कुंजी पर आपत्तियां आमन्त्रित की जावेंगी । प्रत्येक आपत्ति के लिए परीक्षार्थी को निर्धारित शुल्क रू. 100/— (रू. एक सौ मात्र) निर्धारित प्रक्रिया से जमा कराना होगा अन्यथा आपत्ति रजिस्टर नहीं होगी ।

11. परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए परीक्षार्थी को निर्धारित ड्रेस कोड की पालना अनिवार्य है । ड्रेस कोड व अन्य महत्वपूर्ण जानकारी के लिए बोर्ड की वेबसाइट पर जारी विस्तृत विज्ञप्ति एवं प्रवेश पत्र के साथ संलग्न निर्देशों को अवश्य देखें ।

12. परीक्षा केन्द्र के सम्बन्ध में किसी कठिनाई की स्थिति में परीक्षार्थी द्वारा उस केन्द्र के जिले से सम्बन्धित परीक्षा समन्वयक एवं जिला नियन्त्रण कक्ष, जिनके दूरभाष नम्बर बोर्ड की वेबसाईट पर उपलब्ध हैं, से सम्पर्क किया जा सकता है ।

नवीनतम एवं अद्यतन सूचनाओं की जानकारी के लिए बोर्ड की वेबसाईट www.rsmssb.rajasthan.gov.in का नियमित रूप से अवलोकन करें ।

(प्रदीप कुमार बोरड़)
सचिव